ओ. सुविधा प्रदान करने के लिए क्या योजना बनाई गई है जहां पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(ख) उक्त पंचायतों में से कितनी और किन-किन पंचायतों को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान यह सुविधा प्रदान की जाएंगी; और

(ग) क्या इस राज्य की सभी पंचायतों को मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य की तारीख के अनुसार 31 मार्च 1995 से पूर्व पी.सी.ओ. सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) हिमाचल प्रदेश में 1121 पंचायतों सहित सभी ग्रामों को अद्यतन प्रौद्योगिकी विश्वसनीय रेडियो माध्यम से सार्वजनिक टेलीफोन बूथ की सुविधा प्रदान करने की स्कीम बनाई गई है ।

(ख) इस चालू वित्त वर्ष के दौरान हिमाचल प्रदेश के 400 ग्रामों में यह सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । इन ग्रामों के नामों की निर्देशिका को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

(ग) मंत्रालय द्वारा पंचायतों को सार्वजनिक टेलीफोन प्रदान करने संबंधी नीति में सभी ग्रामों को भी शामिल कर लिया गया है और इसे मार्च 1997 तक उत्तरोत्तर रूप से लागू किया जाएगा बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हो ।

Supply of Equipments by Keltron

888. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether the KELTRON, Kerala Government enterprise, made any offer to supply equipments for the use of Telecom; and

(b) if so, the reasons for rejecting the offer?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM):(a) Yes, Sir.

(b) The policy of the Department is to procure the equipment on the basis of open tender. Orders are placed on those firms who are found eligible and technically and commercially responsive and are within prescribed rankings.

S.T.D. Facilities in Godavari District in Andhra Pradesh

889. SHRI YERRA NARAYANASWAMY :

Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether Government has given any assurances to extend STD facility to any new points in West Godavari District in Andhra Pradesh during 1994 ;

(b) if so, the details thereof;

(c) the steps proposed to extend STD in West Godavari during 1994 : and

(d) the names of places in West Godavari which will be given STD facility this year ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) :

(a) and (b) Yes, Sir, 7 places viz. Peravali, Veeravasaram, Vendra, Vegeswarapuram, Gundugolanu, Koyyalagudem & Naliajarla have been proposed for provision of STD facility during the year 94-9 5.

(c) The equipment required for provision of STD facility to the above places has already been allotted and the installation is in progress.

(d) The names of the places proposed for provisions of STE facility during 1994-95 are :—

Poravali, Veeravasaram, Vendra. Vegeswarapuram, Gundugolanu, Koyyalagudem, Nallajerla & Polavaram.

इलाहाबाद हेतु दूरसंचार सलाहकार समिति का गठन

890. श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद के लिए कोई दूरसंचार सलाहकार समिति गठित की गयी है ;

(ख) यदि हां तो कब और इसका कार्यकाल कितना है ;

(ग) उक्त समिति के सदस्य कौन-कौन हैं तथा उनकी पृष्ठभूमि एवं गुण विवरण क्या है ;

(घ) क्या इलाहाबाद के सभी सांसदों से इस मामले में परामर्श किया गया था;

(ङ) यदि हां तो किन-किन सांसदों से परामर्श किया गया था; और

(च) किन-किन सांसदों से परामर्श नहीं किया गया और उसके क्या कारण थे ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी हां।

(ख) 20-5-1994 को 31-5-96 तक की अवधि के लिए इलाहाबाद टेलीफोन परामर्शदात्री समिति का पुनर्गठन किया गया।

(ग) अपेक्षित सूचना विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिए)**।

(घ) से (च) माननीय संचार राज्य मंत्री ने माननीय सांसदों सहित स्थानीय निकायों और जननायकों के अभ्यावेदनों/सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए इलाहाबाद टेलीफोन परामर्शदात्री समिति का पुनर्गठन किया।

विवरण

राज्य विधान मंडल :

1. श्री राजन्द्र सिंह,
   एम. एल. सी.,इलाहाबाद
2. श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह,
   विधायक, विवेक नगर, प्रताप गढ़, उत्तर प्रदेश
3. श्री प्रमोद तिवारी,
   विधायक, इलाहाबाद

क्षेत्र :

डा. जगदीश द्विवेदी,
23/47/25, एच. किदवई नगर, बागमबारी स्कीम, अल्लापुर, इलाहाबाद

चिकित्सा व्यवसाय

डा. आशा कुमारी,
संयुक्त सचिव, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस, रेलवे कालोनी,
थापा मोहं, इलाहाबाद